तापमान
अधिकतम 29.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि कांकेर भूमि
रायपुर, शुक्रवार, 29 अगस्त 2025

भानुप्रतापपुर | चारामा | अंतागढ़ | पखांजूर | दुर्गूकोंदल | नरहरपुर | लखनपुरी | कोयलीबेड़ा

कांकेर का नया पर्यटन केंद्र धारपारूम का कलेक्टर... 14



छोटेबोदेली का सचिव नशे में मस्त सरपंच ... 14



## खबर संक्षेप

### युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या, कारण अज्ञात

**कांकेर।** भानुप्रतापपुर थानांतर्गत मुल्ला निवासी 40 वर्षीय राधेश्याम कावड़े कमरे के अंदर फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। मुल्ला निवासी 18 वर्षीय होमेंद्र कावड़े ने पुलिस को बताया कि मृतक ने 27 अगस्त की शाम साढ़े 5 बजें अज्ञात कारणों के चलते अपने बेडरूम में रस्सी का फंदा बनाकर फांसी लगा लिया, जिससे उसकी मौत हो गई। मृतक ने फांसी क्यो लगाया, यह अभी पता नही चल पाया है। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है।

### घायल का इलाज के दौरान की हुई मौत

**कांकेर।** चारामा थानांतर्गत सीएचसी चारामा में नरहरपुर थानांतर्गत लिलवापहर निवासी 32 वर्षीय नोहर साहू का इलाज के दौरान मौत हो गया। अस्पताल के वार्ड बॉय ने अस्पताली मेमो पेश कर पुलिस को बताया कि मृतक सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गया था। इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती किया गया, जहां उसकी 27 अगस्त को सुबह सवा 7 बजें मौत हो गया। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है।

### शिक्षा जगत : डीईओ से सरपंच की मांग पर एक माह बाद नहीं हुई सुनवाई

# पीढ़ापाल स्कूल में संस्कृत, हिंदी और भौतिकी के 3 साल से शिक्षक नहीं, सरपंच की गुहार अनसुनी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कांकेर

विकासखंड कांकेर के ग्राम पीढ़ापाल के हायर सेंकेड्री स्कूल में संस्कृत, हिंदी और भौतिक शास्त्र शिक्षक तीन साल से नहीं है। इन विषयों को पढ़ाने के लिए शिक्षक भेजने की माँग कई बार किया गया और कई बार शिविरों में आवेदन दिया गया, परंतु कोई सुनवाई नहीं हुए। एक माह पहले सरपंच ने जिला शिक्षा अधिकारी से गुहार लगाया था, परंतु गंभीरता आज तक नहीं दिखाई।

पीढ़ापाल ग्राम के सरपंच हलालूराम ने हरिभूमि से बात करते हुए बताया कि तीन साल से संस्कृत, हिंदी और भौतिक शास्त्र के पद खाली पड़े है। कई बार कई जगह आवेदन दिया, परंतु सुनवाई नहीं हुई। सरपंच के साथ पहुँचे स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों ने बताया कि जिला शिक्षा अधिकारी रमेश निषाद को पिछले माह के अंतिम सप्ताह में आवेदन इसी आशा के साथ दिया था कि तीनों विषयों के शिक्षक की पदस्थापना हो जाएगी, उनको यह भी बताया गया था कि दो शिक्षक युक्तियुक्तकरण में दूसरी जगह स्थांतरित हो जाने से ज्यादा समस्या बढ़ गई है। शिक्षक नहीं मिलने से तीन साल से इस ईलाके के छात्रों की तीनों विषयों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है। सरपंच एवं ग्रामीणों के द्वारा गुहार लगाए जाने के एक माह गुजर जाने के बाद किसी भी विषय के शिक्षक को नहीं भेजा गया।

**खास बातें**

- युक्तियुक्तकरण में दो शिक्षकों के जाने से बढ़ी ज्यादा परेशानी
- छात्रों के हितों की उपेक्षा, पदस्थ व्याख्याता गलत जानकारी देकर करते हैं दूसरा कार्य




### संस्कृत विषय की हो सकती थी व्यवस्था

जिला शिक्षा अधिकारी चाहते तो नियमों को ताक में रखकर 28 फरवरी 2025 से जिला शिक्षा कार्यालय में कार्यरत व्याख्याता संस्कृत लक्ष्मण कावड़े को मूल संस्था शाउमावि पीढ़ापाल वापिस कर देते तो गांव वालों एवं छात्रों को कम से कम संस्कृत विषय का शिक्षक मिल जाता। 28 फरवरी 2025 से संस्कृत के पीढ़पाल के हायर सेकेंड्री स्कूल के व्याख्याता को किस नियम के तहत जिला शिक्षा कार्यालय में काम लिया जा रहा था, इसका जवाब विभाग के पास नहीं है।

### जनप्रतिनिधियों से पहल करने की माँग

पीढ़पाल के ग्रामीणों का कहना है कि हम लोगों के द्वारा शिक्षकों की माँग को लेकर सभी के पास आवेदन दे चुके है, परंतु शिक्षक आज तक नहीं मिल पा रहे है, जिससे छात्रों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है। शिक्षकों की माँग को लेकर जनप्रतिनिधियों को पहल करते हुए व्यवस्था करवाना चाहिए, जिससे छात्रों को जो नुकसान हो रहा है, उससे राहत मिल पाती, परंतु ऐसा नहीं हो पा रहा है।

### ग्रामीण कर सकते हैं आंदोलन

पीढ़ापाल के ग्रामीणों का कहना है कि शिक्षकों के नही मिलने पर क्षेत्र के कई गांव के ग्रामीण आंदोलन के लिए बाध्य होने को मजबूर होंगे। उनका कहना है कि युक्तियुक्तकरण में जिले से लगभग 100 शिक्षकों को अतिरिक्त बताते हुए दूसरे जिला भेज दिया गया और कांकेर जिला में शिक्षकों को पद खाली के खाली बने हुए है। शिक्षा सत्र में शिक्षकों के पदों को पहले भरना चाहिए, इस पर शिक्षा विभाग ध्यान नहीं दे रहा है।

### जल्द की जाएगी व्यवस्था

जिला शिक्षा अधिकारी रमेश निषाद ने कहा कि सरपंच के द्वारा एक माह पहले आवेदन दिया गया था। तीनों विषयों हिंदी, भौतिकी और संस्कृत के शिक्षकों के लिए जल्द से जल्द व्यवस्था किया जाएगा। भौतिकी विषय जो शिक्षक पढ़ा रहा था, प्रयास किया जा रहा है कि वही शिक्षक की सेवाएं फिर से लिया जा सके।

## नाले में मिले शव की हुई शिनाख्त, पीएम से होगा मौत का खुलासा

हरिभूमि न्यूज ▸▸| पखांजुर

पखांजुर थाना क्षेत्र के ईरिकबुट्टा गांव में एक अज्ञात व्यक्ति का शव मिलने से सनसनी फैल गई थी। ग्रामीणों ने परलकोट जलाशय का पानी उतरने वाले एक नाले में अज्ञात शव को पड़ा हुआ देखा,



जिसके बाद उन्होंने इसकी जानकारी पुलिस को दिया। खबर मिलते की मौके पर पुलिस पहुँची और गाँव वालों को बुलाया गया, उसके बाद शव की पहचान हो पाई। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार ईरिकबुट्टा गांव में एक अज्ञात व्यक्ति का शव एक नाले में होने की जानकारी 28 अगस्त को मिली थी। हमारी टीम मौके पर पहुँचकर उपस्थित गांव वालों से शव के पहचान पर जानकारी जुटाना शुरू किया, तब पता चला कि मृतक बड़गांव थाना क्षेत्र के कोसपराली गांव निवासी 45 वर्ष राजाराम कवाची पिता बैसाखू कवाची है। जानकारी के अनुसार राजाराम कवाची देवी पूजा के सिलसिले में इरिकबूटा आए थे। पूजा समाप्त होने के बाद वे कच्चे और छोटे रास्ते से वापिस लौट रहे थे। ऐसा माना जा रहा है कि उनका पैर फिसल गया और वह नाले में गिर गए, जिससे उनकी मौत हो गई। पखांजुर थाना प्रभारी लक्ष्मण केवट का कहना है कि प्रथम दृष्टया यह एक दुर्घटना का मामला लग रहा है, हालांकि पुलिस ने आगे की जांच शुरू कर दी है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। पुलिस इस मामले की गहनता से जांच कर रही है, ताकि मौत के असली कारणों का पता लगाया जा सके।

## तुड़गे की छात्राओं को मिली सायकिल

**भानुप्रतापपुर।** शाउमावि तुड़गे में सरस्वती सायकिल योजना अंतर्गत कक्षा 9 वीं की 19 बालिकाओं को सायकिल वितरित की गई। कार्यक्रम में ग्राम पंचायत चवेला के सरपंच जगजीत नागेश, शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष कैलाश कोठारी, पालक प्रतिनिधि मानक गौतम, अन्य जनप्रतिनिधि एवं शिक्षकगण उपस्थित रहे। अतिथियों ने कहा कि सायकिल मिलने से छात्राओं को विद्यालय आने में सहूलियत होगी तथा वे नियमित रूप से अध्ययन कर पाएंगी। छात्राओं को मेहनत से पढ़ने और मोबाइल का सीमित उपयोग करने की प्रेरणा दिया।



## कर्षण उपकेंद्र उद्घाटित, तोड़की तक अब दौड़ेगी बिजली वाली ट्रेन

**अंतागढ़।** दल्ली राजहरा से ताड़ोकी तक रेल्वे लाइन का विस्तार हो चुका है और वर्तमान में कच्चा लोहा भिलाई तक ले जाने के लिए मालवाहक व आम जनता के आवाजही के लिए पेसेंजर ट्रेने रायपुर तक चलाई जा रही है, जो डीजल इंजन से चलाया जा रहे है। दल्ली से ताड़ोकी तक विद्युतीकरण का कार्य पूर्ण हो गया है।



अंतागढ़ के रेलवे स्टेशन के पास कर्षण उपकेंद्र 2× 25 केव्ही का वर्चुवल उद्घाटन समेन्द्र कुमार तिवारी के द्वारा वर्चुअल किया गया, इसके उपरांत 2× 25 केव्ही के उद्घाटन हो जाने से बहुत जल्द पटरियों पर विद्युत इंजन दौड़ेगी। इस कार्यक्रम में मुख्य परियोजना प्रबंधक रेल विद्युतीकरण रेल विकास निगम लिमिटेड नागपुर सालिक राम, राजेंद्र कुमार साहू, अनिरुद्ध सप्रे, प्रतीक मिश्रा, अनिल नादरगे की उपस्थिति में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के द्वारा संपन्न हुआ। इस अवसर पर आरव्हीएएल से असीम कुमार डे, लक्ष्मीकांत बेसरा, अक्षय कुमार, राजेनदर कुमार मालवीय, अभिलाष झा, दीपांशु यादव, आशुतोष पांडे, विकास झा, शफीक खान, राजू जागीरदार व रेल्वे के स्टॉफ उपस्थित रहें।



**खबर संक्षेप**

## फितेफूलचूर में मनाया गया ऋषि पंचमी पर्व



**दुर्गुकोंदल।** विकासखंड दुर्गुकोंदल अंतर्गत ग्राम पंचायत गुदुम के आश्रित ग्राम फिते फूलचूर में सोनझरियापारा में प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी ऋषि पंचमी को धूमधाम से त्योहार के रूप में मनाया गया। पूर्व पुरखा गुरू स्वं शंकर नाग एवं स्व धरमलाल मंडावी के स्मृति में याद करते हुए ऋषि पंचमी मनाया गया। ऋषि पंचमी समिति के पुजारी डोमन मंडावी ने बताया है कि ऋषि पंचमी का पर्व 28 अगस्त को गांव में पंचमी तिथि को मनाया गया और सप्तर्षियों के प्रति श्रद्धा और प्रतियोगिता व्यक्त करने का अवसर है। ऋषि पंचमी में आत्म शुद्धि और पापों का संबंध सप्त ऋषियों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करना आध्यात्मिक उत्थान और धार्मिक महत्व है। 20 दिन सप्त ऋषियों की स्थापना और पूजा करना गंध पुष्प को दीप और नावेद आदि से पूजन किया जाता है। इस अवसर पर अध्यक्ष श्रीबरातूराम मंडावी, सुरेन्द उडीया सिमागम, अमित, संखाराम, शंकर, चतुर नेताम, बडकू, कमलेश नेताम रमेश, प्रभू पुरामें, अमरू, नारायण, तरून एवं अन्य लोग उपस्थित रहे।

## खाद की किल्लत से जूझते किसानों के साथ कांग्रेस करेगी प्रदर्शन

**कोण्डागांव।** कोंडागांव जिले में खाद की किल्लत से किसान बुरी तरह परेशान हैं। बाजार में यूरिया और डीएपी की भारी कालाबाजारी हो रही है। यूरिया–डीएपी दोगुनी कीमत पर बेची जा रही है। 250 रुपए की यूरिया 1200 रुपए में और 1400 रुपए का डीएपी 2500 रुपए में खुलेआम बिक रहा है। कांग्रेस जिलाध्यक्ष बुधराम नेताम ने कहा कि छत्तीसगढ़ किसानों का प्रदेश है। हमारी सरकार में किसानों की आर्थिक स्थिति को मजबूत किया गया था।

# बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान, मेधावी छात्राओं और आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव

- सरकार जनकल्याणकारी योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध : जसकेतु

छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव वर्ष 2025 के अंतर्गत, महिला एवं बाल विकास विभाग ने गुरुवार को जिला मुख्यालय स्थित ऑडिटोरियम में एक कार्यक्रम का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में विभिन्न स्कूलों की प्रतिभाशाली छात्रओं और उत्कृष्ट कार्य करने वाली आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को सम्मानित किया गया।

**छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव वर्ष 2025 में हो रहे विविध कार्यक्रम**

### स्पर्धाओं के विजेता उपविजेता

विभिन्न प्रतियोगिता में विजेताओं में रंगोली में दिव्या वैद प्रथम, भवानी ढाली द्वितीय, मंदाकिनी तृतीय। कुर्सी दौड़ में खेमलता कोर्राम प्रथम, दम्मी पोयाम द्वितीय, पुष्पा पाण्डे तृतीय। चम्मच दौड़ में गायत्री मानिकपुरी प्रथम, दम्मी पोयाम द्वितीय। व्यंजन प्रतियोगिता शीला देवांगन प्रथम, अनिता नाग द्वितीय रहीं।




### बाल विवाह रोकथाम की ली शपथ

कार्यक्रम में बाल विवाह मुक्त छत्तीसगढ़ अभियान के तहत बाल विवाह की रोकथाम के लिए शपथ दिलाई गई। इसके अलावा, 10वीं और 12वीं की 30 मेधावी छात्राओं और उत्कृष्ट कार्य करने वाली 16 आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं व सहायिकाओं को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विभिन्न प्रतियोगिताओं का भी आयोजन हुआ।

**विकसित छत्तीसगढ़ के लिए प्रतिबद्धता** – कार्यक्रम की मुख्य अतिथि नगर पालिका परिषद के उपाध्यक्ष जसकेतु उसेण्डी ने छत्तीसगढ़ राज्य के 25 साल पूरे होने पर सभी को बधाई दी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में सरकार जनकल्याणकारी योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुँचाने के लिए प्रतिबद्ध है, जिसमें महिला एवं बाल विकास विभाग के कर्मचारी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। कार्यक्रम में एसडीएम अजय उरांव, जिला कार्यक्रम अधिकारी अवनी कुमार बिसवाल और अन्य विभागीय अधिकारी तथा जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

**आयोजन:** पांच संभाग के 570 खिलाड़ी ले रहे भाग

# कोण्डागांव में 25वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता का हुआ भव्य शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव

- फुटबॉल, तीरंदाजी और मलखंभ में अपनी प्रतिभा का करेंगे प्रदर्शन
- खेलों की विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका : उसेंडी

बस्तर विकास प्राधिकरण की उपाध्यक्ष और कोण्डागांव विधायक सुश्री लता उसेंडी ने गुरुवार को स्थानीय विकास नगर स्टेडियम में 25वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। प्रतियोगिता 28 से 31 अगस्त तक आयोजित की जाएगी। प्रतियोगिता में राज्य के पाँच संभागों के लगभग 570 खिलाड़ी फुटबॉल, तीरंदाजी और मलखंभ खेलों में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे।

उद्घाटन समारोह में विधायक सुश्री उसेंडी ने कहा कि विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में खेलों की बहुत भूमिका होती है। क्योंकि यह न केवल शारीरिक और मानसिक रूप से मजबूत बनाता है, बल्कि जीवन में आगे बढ़ने की प्रेरणा भी देता है। साथ ही प्रतिस्पर्धा के दौरान विषम परिस्थितियों से निबटने की कला का भी विकास करता है। उन्होंने बताया कि बस्तर संभाग के खिलाड़ी तीरंदाजी और मलखंभ जैसे खेलों में अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं। उन्होंने विश्वास जताया कि स्थानीय खिलाड़ी अपनी प्रतिभा से जिले और क्षेत्र का नाम रोशन करेंगे। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार खिलाड़यों को प्रोत्साहित करने के लिए कई सुविधाएँ दे रही हैं, जैसे कि उत्कृष्ट खिलाड़ियों को सरकारी नौकरी और अलंकरण सम्मान।





### मोटापा एक गंभीर समस्या संदेश का किया जिक्र

*विधायक सुश्री उसेंडी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संदेश का जिक्र करते हुए कहा कि मोटापा एक गंभीर समस्या है और इससे लड़ने का सबसे प्रभावी तरीका खेल ही है। उन्होंने खिलाड़ियों को खेल भावना और अनुशासन के साथ खेलने का आग्रह किया। अंत में उन्होंने सभी खिलाड़ियों से मिलकर उनका हौसला बढ़ाया और उन्हें शुभकामनाएँ दीं।*

### ये रहे उपस्थित

*इस अवसर पर नगर पालिका उपाध्यक्ष जसकेतु उसेण्डी, राज्य तीरंदाजी संघ के उपाध्यक्ष दीपेश अरोरा, जिला शिक्षा अधिकारी श्रीमती भारती प्रधान और कई अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।*

# जमीन में सो रहे ग्रामीण को रात में सांप ने डसा, हुई मौत




हरिभूमि न्यूज ⏭ फरसगांव

- पावारास गांव में रात की घटना

थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत पीपरा के आश्रित ग्राम पावारास निवासी फरसुराम नेताम पिता मलसाय नेताम उम्र 33 वर्षीय की जहरीले सांप के डसने से मौत हो गई।

जानकारी के अनुसार फरसुराम बुधवार की रात खाना खाकर अपने कमरे में जमीन पर चटाई बिछा कर सोया गया। गुरुवार की सुबह करीब 6 बजे उसकी पत्नी ने उसे को उठाया तो वह नहीं उठा। बिस्तर में एक जहरीला करायत सांप भी था। वही फरसुराम के चेहरे में आंख के पास सांप के काटने के निशान थे। जिसके बाद घर वालों ने उस सांप को मार दिया । परिजनों ने पीड़ित को फरसगांव अस्पताल लाया, जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित किया। परिजनों की रिपोर्ट पर फरसगांव थाना पुलिस ने जांच पंचनामा के बाद मर्ग कायम कर शव को पोस्टमार्टम बाद परिजनों के सुपुर्द किया है।

# किताबें विद्यार्थियों की सबसे अच्छी मित्र ज्ञान और संस्कृति का होती हैं खजाना

- हायर सेकेंडरी स्कूल मयूर डोंगर में पुस्तक पठन दिवस का आयोजन

**कोण्डागांव।** राज्य स्थापना के 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में मनाए जा रहे रजत जयंती महोत्सव 2025–26ष के अंतर्गत हायर सेकेंडरी स्कूल मयूर डोंगर में आज पुस्तक पठन दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों, शिक्षकों तथा अभिभावकों ने बड़ी संख्या में सहभागिता की।

विद्यालय प्रांगण में आयोजित इस कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने अपनी रुचि की पुस्तकों का वाचन किया। बच्चों ने कहानियाँ, कविताएँ, प्रेरणादायक प्रसंग और ऐतिहासिक प्रसंग पढ़कर सुनाए। पुस्तक पठन के प्रति बच्चों का उत्साह देखा गया। प्राचार्य मुकेश सैमसन ने बताया कि पुस्तक पठन दिवस का मुख्य उद्देश्य बच्चों में पढ़ने की आदत विकसित करना और उन्हें पुस्तकों से जोड़ना है। कार्यक्रम में यह संदेश दिया गया कि किताबें ज्ञान का सबसे बड़ा खजाना होती हैं और इन्हें पढ़ना जीवन में सफलता के लिए आवश्यक है। श्री सैमसन ने अपने उद्बोधन में कहा कि किताबें बच्चों की सबसे अच्छी मित्र होती हैं। इन्हीं से उन्हें नई–नई जानकारियाँ और मूल्य मिलते हैं। पुस्तक पठन दिवस बच्चों को साहित्य, विज्ञान और संस्कृति से जुड़ने का एक अनोखा अवसर प्रदान करता है।



**आगामी दिनों में होगी कई गतिविधियां–** शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार रजत जयंती महोत्सव के अंतर्गत 29 अगस्त को स्पीड रीडिंग प्रतियोगिता, 30 अगस्त को प्रदर्शनी तथा 31 अगस्त को एलुमनी बैठक जैसी विभिन्न गतिविधियाँ आयोजित की जाएंगी। इस प्रकार, हायर सेकेंडरी स्कूल मयूर डोंगर में आज का पुस्तक पठन दिवस न केवल ज्ञानवर्धक रहा बल्कि विद्यार्थियों और अभिभावकों को पुस्तकों के महत्व से भी जोड़ने वाला रहा।

**ये रहे मौजूद–** इस अवसर पर प्रमुख रूप से प्राचार्य मुकेश सैमसन, संकुल समन्वयक दुर्गा शंकर दीवान, जमील अहमद, यशवंत देवांगन सहित समस्त स्टाफ मौजूद रहे।

# मॉडिफाइड साइलेंसर लगाने पर की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर

पखांजूर पुलिस ने ध्वनि प्रदूषण और यातायात नियमों के उल्लंघन पर सख्त रुख अपनाया है। पुलिस ने मॉडिफाइड साइलेंसर लगाकर तेज आवाज करने वाले दो बाइक सवारों के खिलाफ कार्रवाई किया है। दोनो के खिलाफ मोटर व्हीकल एक्ट (एमवी एक्ट) की धारा 120/194 (च) के तहत कार्रवाई करते हुए चलानी करवाई किया गया।



पखांजूर पुलिस के अनुसार यह कार्रवाई आम जनता को तेज आवाज से होने वाली परेशानी से बचाने और यातायात नियमों का पालन सुनिश्चित करने के लिए की गई है। पुलिस ने बताया कि मॉडिफाइड साइलेंसर से निकलने वाली तेज आवाज न सिर्फ ध्वनि प्रदूषण बढ़ाती है, बल्कि यह यातायात नियमों का भी गंभीर उल्लंघन है। पखांजूर पुलिस ने अपील किया है कि भविष्य में भी इस तरह की कार्रवाई जारी रहेगी, इसलिए सभी नियमों का पालन करे और अपने वाहनों में मॉडिफाइड साइलेंसर का इस्तेमाल न करें और यातायात नियमों का पालन करें। यह अभियान पखांजूर में शांतिपूर्ण और सुरक्षित यातायात व्यवस्था बनाए रखने के लिए चलाया जा रहा है।

# आधुनिक कृषि तकनीकों के लिए किसानों को दिया गया प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव

- कोण्डागांव में एक दिवसीय प्रशिक्षण सह भ्रमण कार्यक्रम

उद्यानिकी विभाग के शासकीय उद्यान रोपणी कोपाबेड़ा, विकासखंड कोण्डागांव में समग्र ग्रामीण विकास कार्यक्रम के अंतर्गत एक दिवसीय कृषक प्रशिक्षण सह भ्रमण का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम अम्बुजा फाउंडेशन एवं एचडीएफसी बैंक परिवर्तन के सहयोग से संचालित एचआरडीपी परियोजना के तहत आयोजित हुआ। आयोजन में कोण्डागांव के दूरस्थ अंचल ग्राम धनसुली, बम्हनी, ईसलनार, सोनाबाल, पल्ली, एवं बनियागांव से 30 आदिवासी किसानों ने हिस्सा लिया। प्रशिक्षण का उद्देश्य किसानों को आधुनिक खेती की तकनीकों, कृषि वानिकी, और शासकीय योजनाओं की जानकारी प्रदान कर उनकी आय और जीवन स्तर में सुधार लाना था। किसानों को शासकीय रोपणी का भ्रमण कराया गया, जहाँ उन्हें सैद्धांतिक और प्रायोगिक जानकारी दी गई। रोपणी प्रभारी लोकेश्वर प्रसाद उद्यान अधीक्षक ने खेत की तैयारी, पौधरोपण की उचित दूरी, बागवानी फसलों के रखरखाव और कृषि वानिकी से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी साझा की। कृषकों को यह समझाया गया कि कृषि वानिकी अपनाकर वे प्रति इकाई क्षेत्रफल से अधिक लाभ अर्जित कर सकते हैं, जिससे उनकी आर्थिक स्थिति और जीवनशैली में सकारात्मक बदलाव आएगा।



### शासकीय योजनाओं से जुड़ाव

प्रशिक्षण में विभिन्न शासकीय योजनाओं से किसानों को जोड़ने पर विशेष जोर दिया गया। योजनाओं के माध्यम से किसानों को आधुनिक तकनीकों और संसाधनों का लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में अम्बुजा फाउंडेशन से श्रीमती नेहा कुशवाहा, विकास ठाकुर, अन्य अधिकारी, कर्मचारी और किसानों उपस्थित रहे।

# कोंडागांव में 50 युवतियों का किया गया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव

अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद कोंडागांव द्वारा नगर सेना में चयनित 50 युवतियों के सम्मान में आज सामुदायिक भवन कोंडागांव में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ कोंडागांव विधायक सुश्री लता उसेंडी ने भारत माता और छत्तीसगढ़ महतारी के छायाचित्र पर पुष्पमाला अर्पित कर एवं दीप प्रज्वलित कर किया। इसके पश्चात सभी उपस्थितजनोंने एक स्वर में राष्ट्रगान गाया। बस्तर संभाग प्रभारी सुब्रत साहा ने परिषद द्वारा पिछले पाँच वर्षोंर् में किए गए कार्योंर् की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पूर्व सैनिक न केवल निशुल्क सैन्य प्रशिक्षण दे रहे हैं बल्कि स्वच्छता अभियान, मतदाता जागरूकता और रक्तदान शिविरों में भी सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं।

**चयनित युवतियों को मिला सम्मान** विधायक सुश्री लता उसेंडी ने नगर सेना में चयनित 50 युवतियों को उनके पालकों की उपस्थिति में पुष्पमाला पहनाकर और प्रमाणपत्र प्रदान कर सम्मानित किया। उन्होंने युवतियों को उज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ देते हुए परिषद के प्रयासों की सराहना की। जिला सैनिक कल्याण अधिकारी विंग कमांडर जे.पी. पात्रे, पूर्व जिला अध्यक्ष दीपेश अरोरा और सर्व आदिवासी समाज अध्यक्ष बंगाराम सोडी ने युवतियों को बधाई दी और उनके जज्बे की सराहना की। अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद कोंडागांव के जिला अध्यक्ष सूरज यादव ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया और कहा कि परिषद निरंतर समाजसेवा एवं राष्ट्रनिर्माण में योगदान देती रहेगी।





**ये रहे उपस्थित–** इस अवसर पर शांति फाउंडेशन अध्यक्ष छोटू सलाम, जिला रोजगार अधिकारी सुश्री श्वेता वर्मा, होमगार्ड प्रभारी भानसिंह मार्को, जनप्रतिनिधि, वरिष्ठ नागरिक सहित परिषद के पदाधिकारी और सदस्य सुब्रत साहा, सूरज यादव, अजनेर लकड़ा, उमेश साहू, सोमेश्वर भारती, आसमन मंडावी, बप्पा नंदी, रुपउ राम मरकाम सहित बड़ी संख्या में पूर्व सैनिक और सेवारत सैनिक उपस्थित रहे।

# धान की बालियों को बांधकर कई ग्रामों में मनाया गया बाल त्योहार

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्गुकोंदल



हर त्योहार में छत्तीसगढ़ की मिट्टी की खुशबू, पारंपरिक भोजन, लोकगीत, नृत्य और रीति-रिवाजों की झलक देखने को मिलती है। दुर्गुकोंदल विकासखंड के ग्राम राऊरवाही, महेंद्रपुर, सटेली में ग्रामीणों ने बाल तिहार को बड़े उत्साह और परंपरागत तरीके से मनाया।

ग्रामीण सुबह से ही शितला मंदिर में एकत्रित हुए और शितला माता की पूजा अर्चना कर गांव के हर घर में धान की बाली बांधने की परंपरा निभाई। धान की बाली जो फसल कटाई और समृद्धि का प्रतीक है, को घरों में बांधकर ग्रामीणों ने प्रकृति और कृषि के प्रति अपनी कृतज्ञता व्यक्त किया। बाल तिहार छत्तीसगढ़ की पारंपरिक संस्कृति का हिस्सा है। इसे नई फसल के स्वागत और खुशहाली का त्योहार माना जाता है। ग्रामीणों ने इस दिन अपने घरों को सजाया, पूजा-अर्चना की और धान की बाली को मुख्य द्वार और आंगन में बांधकर समृद्धि और शुभता की कामना किया। गांव के सभी लोग मिलकर इस त्योहार को मनाते हैं। बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक हर किसी ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस अवसर पर गांव के बुजुर्गों ने बच्चों को बाल तिहार की परंपरा और महत्व के बारे में बताया। ग्रामीणों ने सामूहिक भोज का आयोजन भी किया, जिसमें पारंपरिक व्यंजन बनाए गए। बाल त्योंहार ने पूरे गांव में उत्सव का माहौल बना दिया। हर घर में धान की खुशबू, बाली की सजावट और पारंपरिक गीतों ने इस दिन को यादगार बना दिया। यह त्योहार न केवल कृषि आधारित संस्कृति को जीवित रखता है, बल्कि सामाजिक एकता और सामूहिकता मजबूत करता है।



# शैक्षिक गुणवत्ता बढ़ाने बीईओ और एबीईओ का निर्देश जारी

**दुर्गुकोंदल।** हायर सेकेंडरी स्कूल दमकसा का बीईओं और एबीईओं ने औचक निरीक्षण किया। यह निरीक्षण प्रार्थना सभा के दौरान शुरू हुआ, जिसमें दोनों अधिकारियों ने सक्रिय भागीदारी दिखाई। प्रार्थना सभा के बाद उन्होंने प्रेयर टुगेदर प्रश्नोत्तरी सत्र आयोजित किया, जिसमें छात्रों से विभिन्न प्रश्न पूछे गए। छात्रों ने इन प्रश्नों के संतोषजनक और उत्साहपूर्ण उत्तर दिए, जिससे उनकी शैक्षिक तैयारी और आत्मविश्वास का प्रदर्शन हुआ। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने शिक्षकों को निर्देश दिया कि वे राज्य प्रवीण्य सूची के लिए योग्य छात्र-छात्रों का चयन करें और सभी विषयों के शिक्षक आपसी समन्वय के साथ गंभीरता से पढ़ाई पर ध्यान दें। इसके अतिरिक्त शनिवार को बैगलेश डे के दिन सुबह 10 बजे से स्कूल का संचालन सुनिश्चित करने और निर्देशानुसार शैक्षिक गतिविधियों को अनिवार्य रूप से आयोजित करने पर जोर दिया गया। पालक-शिक्षक संवाद को और प्रभावी बनाने, छात्रों को जेईई, नीट, प्रयास, राष्ट्रीय साधन सह प्रवीण्य छात्रवृत्ति जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए तैयार करने के लिए विशेष प्रयास करने के निर्देश भी दिए गए।

## खबर संक्षेप

### नया खानी पर्व मनाया



**भोण्ड।** बस्तर अंचल में नया खानी पर्व की पारंपरिक छटा लोकसंस्कृति की सुगंध से सराबोर ग्रामीण महिलाएं, मिट्टी के हस्तनिर्मित खिलौने खरीदते हुए बच्चों की परंपरा से जुड़ाव को संजोतीं हुई।

### दण्डाधिकारी जांच के लिए उपस्थित होने की सूचना

**बीजापुर।** जिले के थाना गंगालूर के क्षेत्रांतर्गत घटना 6 अगस्त को ग्राम लेण्ड्रा इतावर के जंगल पहाड़ में हुए पुलिस नक्सली मुठभेड़ की घटना घटित हुई है। जिसमें पुलिस और नक्सलियों के बीच फायरिंग हुई। फायरिंग रूकने के बाद सुरक्षा बलों द्वारा सुरक्षा नियमों का पालन करते हुए घटना स्थल का बारिकी से सर्च किया गया। सर्चिंग के दौरान घटना स्थल पर एक अज्ञात पुरूष माओवादी का शव मिला। शव के पास से विस्फोटक सामग्री, नक्सली वर्दी साहित्य, दवाई बरामद किया गया है। इस घटना के संबंध में जिस किसी को भी किसी प्रकार की जानकारी हो तो 11 सितम्बर तक न्यायालय अनुविभागीय दण्डाधिकारी बीजापुर में उपस्थित होकर साक्ष्य प्रस्तुत कर सकतें हैं।

### 1 सितम्बर से प्रस्तावित हड़ताल स्थगित



**जगदलपुर।** 1 सितम्बर से प्रस्तावित हड़ताल के संबंध में आज 28 अगस्त को जिला शिक्षा अधिकारी के कार्यालय में नियमित चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में पदोन्नति आदेशों के संदर्भ में चर्चा की गई। जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा आश्वासन दिया गया कि 15 सितम्बर की डेडलाइन तक संबंधित कर्मचारियों के पदोन्नति आदेश जारी कर दिए जाएंगे। इस सकारात्मक आश्वासन को देखते हुए संघ ने सर्वसम्मति से निर्णय लिया है कि 15 सितम्बर तक के लिए प्रस्तावित हड़ताल को स्थगित किया गया है। यदि निर्धारित तिथि तक आश्वासन के अनुरूप कार्यवाही नहीं होती है. तो संघ आगे की रणनीति तय करेगा और पुनः हड़ताल पर जाने का निर्णय ले सकता है।

### बाढ़ त्रासदी से नगर में पेयजल आपूर्ति ठप



**दंतेवाड़ा।** नगर में आये बाढ़ त्रासदी से नगर में पेयजल व्यवस्था चरमरा गयी है। नगर में आए बाढ़ के कारण नगर का इटेक वेळ क्षत्तीग्रस्त हो गया जिसके कारण नगर में पेय जल आपूर्ति ठप पड़ी है। जिला प्रशासन स्थानीय प्रशासन का अमला बहाली में तत्पर है नगर में 4 पानी टंकीयों को भरने हेतु नगरीय प्रशासन के सहायक संचालक जयंत सिन्हा, उप सहायक संचालक पूरनिक ध्रुव, कार्यपालन अभियंताअमर चौहान, सहायक अभियंता कोंडागांव नगर पालिका बृजेश श्रीवास्तव के मार्गदर्शन पर वैकल्पिक ट्यूब से सम्प वेळ के माध्यम से पानी टंकी चालू करने का कार्य किया जा रहा है।

## निधन

### शकुंतला ठाकुर



**जगदलपुर।** शहर के लालबाग निवासी शकुंतला ठाकुर का मंगलवार की रात 9.30 बजे निधन हो गया। वे 74 वर्ष की थीं। वे लंबे समय से बीमार थीं। वे गोविंद सिंह ठाकुर की भाभी और ममता ठाकुर की मां थीं। उनका अंतिम संस्कार बुधवार को खड़कघाट स्थित मुक्तिधाम में किया गया।

### गायक मुकेश की 49 वीं पुण्यतिथि पर उन्हें दी आदरांजलि

# अंचल और वरुणी ने बांधा समा

## मुकेश के गानें सुनने भारी बारिश के बाद भी दर्शक दीर्घा में भारी भीड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

- बेहतरीन आयोजन को संगीत प्रेमियों की मिली सराहना







पार्श्व गायक स्व. मुकेश की 49 वीं पुण्यतिथि पर आयोजित संगीतमय कार्यक्रम एक प्यार का नगमा है में छत्तीसगढ़ के मशहूर गायक अंचल शर्मा एवं भोपाल की स्वर कोकिला वारूणी शर्मा ने जगदलपुर के श्यामा प्रसाद मुखर्जी सभागार में बुधवार की रात अपनी प्रस्तुति दी। श्रीमती ज्योति शर्मा ने फीमेल सिंगर के रूप में उनका अच्छा साथ निभाया। देर रात तक जगदलपुर के सुधि दर्शकों ने कार्यक्रम का आनंद लिया और कलाकारों की हौसला आफजाई की।

कार्यक्रम में पहुंचे प्रदेश अध्यक्ष भाजपा एवं विधायक किरण सिंह देव, महापौर संजय पांडे, एमआईसी सदस्य संग्राम सिंह राणा, प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव मलकीत सिंह गैदू, कांग्रेस जिलाध्यक्ष सुशील मौर्य, संजय बाजार अध्यक्ष पंकज सिंघल एवं अन्य सभी गणमान्य अतिथियों ने कलाकारों की खुले दिल से प्रशंसा की। कार्यक्रम में अंचल शर्मा द्वारा 28 से अधिक एकल व युगल गाने गाए गए जो एक से बढ़कर एक थे।

मुकेश के सुपरहिट गीत देते ना आप साथ तो मर जाते को गाते हुए अंचल शर्मा ने दर्शक दीर्घा से प्रवेश किया और पहली प्रस्तुति में ही खूब तालियां बटोरी। अपने निराले अंदाज से उन्होंने दर्शकों को मंच से जोड़ा और देर रात तक अपनी सदाबहार गायकी से उन्हें कुर्सी से बांधे रखा। भारी बारिश के बाद भी पूरा आडिटोरियम दर्शकों से खचाखच भरा हुआ था। अंचल ने भिलाई से आए डॉल्फिन के बी म्यूजिकल ग्रुप ऑर्केस्ट्रा के साथ कई बेहतरीन प्रस्तुतियां दी। उनके साथ आई उनकी पत्नी एवं भोपाल की पार्श्व गायिका वारुणी एवं पुत्र शगुन के साथ एक ही धुन पर चारों ने अपनी गायकी की अनोखी प्रस्तुति देकर दर्शकों का दिल जीत लिया। दर्शकों की ओर से आ रहे गाने की फरमाइश को सहजता से स्वीकार करते और मुकेश की आवाज में बखूबी गाते गए। कार्यक्रम के समाप्त होते ही दर्शक मंच पर पहुंच गए और उनके साथ फोटो खिंचवाने की होड़ लग गई। जाते-जाते अंचल ने कहा बस्तर और बस्तर वासियों का उन्हें दूसरी बार अपार स्नेह मिला। वो बार- बार बस्तर आना चाहेंगे। अतिथियों एवं आयोजकों की ओर से मुकेश के छाया चित्र पर माल्यार्पण कर, दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का आगाज किया गया। आयोजक महेंद्र महापात्र ने बताया कि आयोजन का उद्देश्य संगीत प्रेमियो को अच्छी गायकी का आनंद दिलाना एवं संगीत संध्या के माध्यम से स्व. मुकेश माथुर को श्रदांजलि देना है। स्थानीय कलाकार बलराज शर्मा, राजेश महंत, वंदना पॉल, एमबी मंजूषा, महेश सिंह ने अपने गीतों से कार्यक्रम की शुरुआत की। कार्यक्रम की व्यवस्था एवं भव्यता देने की जिम्मेदारी समीर सेन एवं गुप्तेश्वर नायक ने संभाली। अपने निराले अंदाज में मंच संचालन अफजल अली ने किया। समीपवर्ती राज्य उड़ीसा के विभिन्न शहरों से भी संगीत प्रेमी दर्शक आयोजकों के निमंत्रण पर पहुंचे थे।

## जिपं सदस्य ने प्रभावित क्षेत्रों का किया दौरा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| गीदम

जिला पंचायत सदस्य व प्रदेश महिला कांग्रेस उपाध्यक्ष सुलोचना कर्मा गीदम ब्लॉक के बाढ़ प्रभावित ग्रामीण क्षेत्रों के दौरे पर पहुंची। इस दौरान उन्होंने बाढ़ प्रभावित बड़े तुमनार, बांगापाल, बींजाम, फुंडरी एवं अन्य पंचायतो का मुआयना किया। इस दौरान उन्होंने पंचायत सचिव एवं पटवारी को बाढ़ में नुकसान हुए संपत्ति का तुरन्त मूल्यांकन के निर्देश दिए साथ ही प्रशासन से जल्द मुआवजा देने की अपील की। सुलोचना ने ग्रामीणों को समझाइश दी कि कुछ दिन भारी बारिश की चेतावनी है इसलिए सुरक्षित स्थान और ऊंची जगहों पर ही रहे और जलभराव की स्थिति में आपस मे एकदूसरे की मदद करे। गौरतलब हैं कि क्षेत्र के बाढ़ प्रभावित परिवारों को स्कूल, आश्रमो एवं पंचायत भवनो में विस्थापित किया गया है। इस दौरान उनके साथ जिला कांग्रेस कमेटी के सचिव रजत दहिया उपस्थित रहे।

## नपं अध्यक्ष प्रभावितों के घर पहुंच लिया जायजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गीदम



गीदम नगर पंचायत अध्यक्ष रजनीश सुराना ने नगर के विभिन्न वार्डों में बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का मंगलवार एव बुधवार को घर-घर जाकर दौरा और स्थिति का जायजा लेते हुए तत्काल बाढ़ प्रभावित क्षेत्र में फंसे लोगों को राहत पहुंचाया गया।

इस दौरान नगर पंचायत अध्यक्ष ने कहा कि गीदम में भारी बारिश के चलते बाढ़ जैसी स्थिति उत्पन्न होना वास्तव में एक बड़ी चुनौती है। प्रभावित वार्डों में पहुंचकर लोगों से बात करके उन्हें सुरक्षित स्थान भेजा गया। आपदा को देखते हुए त्वरित कदम उठाते हुए गीदम के सांस्कृतिक भवन में राहत शिविर लगाया गया है जहां प्रभावित लोगों को आश्रय, भोजन और अन्य आवश्यक सुविधाएं प्रदान की जा रही हैं। राहत शिविर में लोगों को सुरक्षित और आरामदायक माहौल प्रदान करने के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं कराई गई है। इस आपदा की घड़ी में शासन प्रशासन सभी मुस्तैदी के साथ त्वरित एवं प्रभावी कदम उठाते हुए मिलकर काम कर रहे हैं। बारिश रुकने के बाद प्रभावित क्षेत्रों में जल निकासी और स्वच्छता की व्यवस्था करने की ओर तत्काल कदम उठाया जाएगा।

# महिलाओं ने श्रद्धा-भक्ति के साथ रखा हरितालिका तीज का व्रत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा



जिले में बुधवार को महिलाओं ने हरतालिका तीज का व्रत बड़ी श्रद्धा और आस्था के साथ रखा। इस अवसर पर विवाहित महिलाओं ने अपने पति की लंबी उम्र और अखंड सौभाग्य की कामना करते हुए निर्जला उपवास किया। वहीं युवतियों ने भी अच्छे वर की प्राप्ति के लिए इस व्रत को पूरी निष्ठा से निभाया।

सुबह से ही महिलाओं ने पारंपरिक परिधान पहनकर मंदिरों में पूजा-अर्चना की और माता पार्वती व भगवान शिव की विधिवत पूजा कर मंगलकामना की। दिनभर निर्जला व्रत रखने के बाद शाम को व्रत कथा का श्रवण कर महिलाओं ने पूजा-पाठ संपन्न किया। स्थानीय मंदिरों और घरों में धार्मिक माहौल बना रहा। महिलाएं सुहाग सामग्री के साथ सज-धज कर पूजा स्थल पर पहुंचीं और पारंपरिक गीतों के साथ तीज का पर्व मनाया।

# बीईओ भारती देवांगन ने किया शालाओं का निरीक्षण





हरिभूमि न्यूज ▶▶| भोण्ड

बस्तर विकासखंड की खंड शिक्षा अधिकारी भारती देवांगन ने संकुल बोड़नपाल-2 के अंतर्गत आने वाले विभिन्न शासकीय शालाओं का निरीक्षण किया। निरीक्षण का मुख्य उद्देश्य शैक्षणिक गुणवत्ता, अधोसंरचना, शिक्षक उपस्थिति एवं विद्यार्थियों के अधिगम स्तर का मूल्यांकन करना था।

निरीक्षण के दौरान उन्होंने शिक्षकों को स्पष्ट निर्देश दिए कि वे वार्षिक शैक्षणिक कैलेंडर के अनुरूप अध्यापन सुनिश्चित करें और बच्चों की भाषा एवं गणितीय दक्षता पर विशेष ध्यान दें। साथ ही सभी शालाओं में मध्यान्ह भोजन की गुणवत्ता, भवन की स्थिति, छात्रावासों की सुविधा और शिक्षण सामग्री की उपलब्धता का भी अवलोकन किया गया। उन्होंने एकलव्य आवासीय विद्यालय बेसोली भवन आश्रम व पेयजल समस्याओं का निरीक्षण किया। छात्रावास कक्षों की स्थिति देखी और प्राचार्य से चर्चा की। मध्यान्ह भोजन की गुणवत्ता सुधारने के निर्देश दिए। कन्या आश्रम बेसोली में बच्चों को स्वयं पढ़ाया, पहाड़ा, वर्णमाला व सामान्य ज्ञान की जांच की गई। भवन जर्जर होने के कारण अन्यत्र संचालित कक्षाओं की स्थिति देखी गई। कन्या शिक्षा परिसर भानपुरी में शिक्षकों से संवाद कर बोर्ड परीक्षा हेतु विशेष तैयारी, समय प्रबंधन और उत्तर लेखन पर बल दिया। प्रयोगशालाओं के नियमित उपयोग हेतु निर्देश दिए। प्राथमिक एवं माध्यमिक शाला बेसोली में भवन निरीक्षण, मध्यान्ह भोजन की जांच तथा बच्चों से भाषा व गणित संबंधी प्रश्न पूछे गए। जादुई पिटारा के प्रयोग की सराहना की।

प्राथमिक शाला खालेपारा में बैठने की कमी और कक्षा व्यवस्था पर चिंता जताई। सहायक सामग्रियों के प्रयोग पर जोर देते हुए शिक्षकों को 10 दिन के भीतर सुधार लाने के निर्देश दिए। प्राथमिक शाला खुटगुड़ा में बहुभाषा कार्यक्रम की अभ्यास पुस्तिका का अवलोकन किया। शिक्षकों को नियमित अभ्यास कार्य और संदर्शिका अद्यतन करने के निर्देश दिए।

### गुणवत्ता सुधार पर विशेष बल

निरीक्षण के अंत में देवांगन ने सभी विद्यालयों में शिक्षक दैनंदिनी, अध्यापन विधि, एवं शैक्षणिक प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने कहा शिक्षा की गुणवत्ता को ऊँचाई तक ले जाना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। इसके लिए शिक्षकों का सतत प्रयास, ईमानदारी और नवाचार आवश्यक है। उन्होंने सभी शिक्षकों को समय पर विद्यालय में उपस्थित रहने, गुणवत्तापूर्ण अध्यापन सुनिश्चित करने और विद्यार्थियों की निरंतर प्रगति हेतु प्रभावी शिक्षण कार्य योजना तैयार करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान संकुल समन्वयक गजेंद्र सिंह ठाकुर भी उपस्थित रहे।

# जिले में अतिवृष्टि से फसल क्षति का आंकलन प्रारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा



जिले में हुई लगातार असामान्य एवं भारी वर्षा 200 मिमी से अधिक ने जिले के कई गाँवों और कृषि क्षेत्रों को प्रभावित कर दिया है। अचानक हुई इस अतिवृष्टि से खेतों में पानी भराव, मिट्टी खिसकने, एवं रेत भर जाने जैसी स्थितियां उत्पन्न हो गईं, जिससे यहाँ के किसानों को आंशिक नुकसान का सामना करना पड़ रहा है। जिला प्रशासन और कृषि विभाग ने तुरंत स्थिति का संज्ञान लेते हुए प्रभावित क्षेत्रों में सर्वे कार्य प्रारंभ कर दिया है। यदि फसल पर प्रभाव की बात की जाए तो धान की फसल मुख्य खरीफ फसल वर्तमान में अधिकांश खेतों में धान की रोपाई एवं बुआई पूरी हो चुकी है। अभी तक धान की अवस्था ऐसी है कि अत्यधिक वर्षा का व्यापक नुकसान नहीं हुआ है। हालांकि यदि पानी लंबे समय तक ठहरा रहा तो जड़ सड़न और पौधों के गिरने की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता। कृषि क्षेत्र में क्षति आकलन की प्रक्रिया के तहत कृषि विभाग की मैदानी टीमों को तुरंत प्रभावित राजस्व ग्रामों में भेजा गया है। ग्रामवार सर्वे सूची तैयार की जा रही है, जिसमें प्रभावित किसानों के नाम, आधार नंबर व फसल का विवरण शामिल किया जा रहा है। क्षति की गंभीरता को राजस्व विभाग के आरबीसी 64 प्रावधानों तथा प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अंतर्गत दर्ज किया जा रहा है ताकि पात्र किसानों को शीघ्र राहत मिल सके। जिन किसानों की फसल प्रभावित हुई है, उन्हें घटना के 72 घंटे के भीतर सूचना देनी होगी। इसके अलावा किसान अपने फसल नुकसान की सूचना टोल-फ्री नंबर 14447 पर कॉल करके दर्ज करा सकते हैं।

# बाढ़ पीड़ितों को राहत सामग्री विधायक ने दिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



लोहण्डीगुड़ा क्षेत्र के ग्रापं मांदर में आई भारी वर्षा और बाढ़ से कई परिवार प्रभावित हुए हैं। इस आपदा की घड़ी में बाढ़ पीड़ितों की सहायता के लिए विधायक विनायक गोयल ने आज गांव पहुंचकर प्रभावित परिवारों को गंजी, बर्तन, थाली, गिलास सहित आवश्यक घरेलू सामग्री का वितरण किया। राहत वितरण कार्यक्रम में सैकड़ों जरूरतमंद परिवारों को चिन्हित कर मदद पहुंचाई गई। विधायक ने सामग्री वितरित करते हुए प्रभावित लोगों से संवाद भी किया और उनकी समस्याएं सुनीं। उन्होंने आश्वासन दिया कि सरकार और प्रशासन बाढ़ से प्रभावित हर परिवार के साथ खड़ी है, और उन्हें हर संभव सहायता दी जाएगी। विधायक गोयल ने कहा प्राकृतिक आपदाएं हमारे नियंत्रण में नहीं होतीं, लेकिन हम मिलकर एक-दूसरे का सहयोग कर इस संकट का डटकर सामना कर सकते हैं। मेरी प्राथमिकता है कि कोई भी पीड़ित परिवार बिना सहायता के न रहे। विधायक ने आगे बताया कि बाढ़ प्रभावित परिवारों को जरूरी खाद्य सामग्री, दवाइयां और शुद्ध पेयजल भी शीघ्र उपलब्ध कराया जाएगा, और पुनर्वास कार्य भी प्राथमिकता से किया जाएगा। इस अवसर पर मंगतुराम कश्यप, जनपद उपाध्यक्ष बसंत कश्यप, जिला मंत्री बाबुल नाग, पूर्व जिपं सदस्य रैतुराम बघेल, लच्छिन यादव, नरेश खापडे, जलन कश्यप, स्थानीय जनप्रतिनिधि, पंचायत पदाधिकारी, प्रशासनिक अधिकारी भी मौजूद रहे।

# एनएमडीसी के भांसी आईटीआई में इंडक्शन कार्यक्रम हुआ






हरिभूमि न्यूज ▶▶| बचेली

एनएमडीसी डीएवी आइटीआई भांसी में नवप्रवेशित छात्रों एवं पालकों के लिए प्रत्येक वर्ष संस्था में इंडक्शन कार्यक्रम मिलाप का आयोजन किया जाता है। इसी कड़ी में 28 अगस्त को सत्र 2025-26 के नवप्रवेशित छात्रों के लिए इंडक्शन कार्यक्रम मिलाप का आयोजन किया गया। जिसमें संस्था के सभी शिक्षकगण तथा छात्र-छात्राएं एवं उनके अभिभावक शामिल हुए। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में डीपी शेट्टी महाप्रबंधक विद्युत सेवाएं एनएमडीसी बीआईओएम बचेली सम्मिलित हुए। कार्यक्रम में संस्था के प्राचार्य कमलेश साहू ने सभी छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए संस्था की उपलब्धियों, नियमों, अनुशासन, कैंपस प्लेसमेंट और सम्बंधित विषय के शिक्षकों से अवगत कराया तथा मुख्य अतिथि को आईटीआई के चहुंमुखी विकास के लिए अन्य आवश्यकताओं से भी अवगत कराया।

संस्थान के डीजल मैकेनिक के छात्रों एवं उनके अनुदेशक एसएम शेंडे द्वारा वर्ष 2025 में बनाये गए सर्वोत्तम प्रोजेक्ट मॉडल को मुख्य अतिथि के द्वारा सम्मानित किया गया। इसके पश्चात मुख्य अतिथि ने अपने उद्बोधन में आईटीआई में लड़कियों की अच्छी खासी संख्या को देखकर उनके अभिभावकों की प्रशंसा कर कहा की ऐसे अभिभावक बधाई के पात्र है जिन्होंने अपनी बेटियों की शिक्षा पर ध्यान देकर उन्हें आगे बढ़ाया है। संस्थान के छात्रों एवं शिक्षकों के द्वारा पिछले वर्ष 100 प्रतिशत परीक्षा परिणाम देने पर सभी छात्रों, शिक्षकों एवं प्रबंधन को बधाई दी। उन्होंने संस्थान के द्वारा छात्रों के रोजगार के अवसरों पर ध्यान देने के लिए एवं समय-समय पर कैंपस प्लेसमेन्ट कराने के लिए संस्थान को बधाई दी।

श्रीधर कोडाली अधिशासी निदेशक एनएमडीसी बीआईओएम बचेली ने सभी नव-प्रवेशित छात्र-छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम के अंत में मुख्य अतिथि को संस्थान के प्राचार्य कमलेश साहू के द्वारा स्मृति चिह्न प्रदान कर उनका अभिनंदन किया गया। विजय कुमार मिश्रा, अनुदेशक इलेक्ट्रीशियन के द्वारा कार्यक्रम को परोक्ष और अपरोक्ष रूप से सफल बनाने के लिए सभी का धन्यवाद ज्ञापन किया गया। कार्यक्रम का संचालन सत्यम कुमार सिंह अनुदेशक इंजीनियरिंग ड्राइंग एवं डेहल राम निषाद अनुदेशक वर्कशॉप कैलकुलेशन एंड साइंस के द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में संस्थान के सभी शिक्षकों एवं अन्य स्टाफ का सहयोग सराहनीय रहा।

## खबर संक्षेप



### ईरागांव स्कूल की 17 छात्राओं को मिली सरस्वती सायकिल

**दुर्गुकोंदल।** हाई स्कूल ईरागांव में सरस्वती साइकिल योजना के तहत 17 बालिकाओं को साइकिलों का वितरण भी किया गया। कार्यक्रम में सरपंच प्रिया दुष्यंत वाड़िवा एवं प्राचार्य बिरेंद्र रावटे, शिक्षकगण, जनप्रतिनिधि और गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने स्कूल के दस्तावेजों, शिक्षक प्रशिक्षण और अन्य शैक्षिक संसाधनों की उपलब्धता की जांच की। यह सुनिश्चित करने के लिए कि ये संसाधन जरूरतमंद छात्रों तक पहुंचे, विशेष व्यवस्था की गई। इस अवसर पर स्कूल के कर्मचारियों और अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने भी इस आयोजन में भाग लिया। यह निरीक्षण न केवल शैक्षिक गुणवत्ता को बढ़ाने में सहायक सिद्ध हुआ, बल्कि छात्राओं को सशक्त बनाने और सामुदायिक सहभागिता को प्रोत्साहित करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। अधिकारियों ने शिक्षकों और स्कूल प्रशासन को इन निर्देशों का कड़ाई से पालन करने का आग्रह किया, ताकि क्षेत्रीय शिक्षा के स्तर में उल्लेखनीय सुधार हो सके।

### चारामा में उपभोक्ता साक्षरता शिविर आज

**कांकेर।** चारामा जनपद पंचायत के सभाकक्ष में आज 29 अगस्त शुक्रवार को सुबह साढ़े 11 बजे उपभोक्ता साक्षरता शिविर का आयोजन रखा गया है, जिसमें उपभोक्ता कानूनों के प्रति जागरूकता हेतु एवं ई- फाइलिंग ई-हियरिंग के संबंध में जिला उपभोक्ता आयोग के न्यायमूर्ति एवं विधि विशेषज्ञों द्वारा जानकारी दिया जाएगा। इस शिविर में जनप्रतिनिधि, स्थानीय अधिवक्तागण, कर्मचारी, अधिकारी, विधि छात्र एवं जागरूक नागरिक शामिल हो सकते है।

## निधन

### ठाकुर राम दर्रो



**दुर्गुकोंदल।** विकासखंड दुर्गुकोंदल अंतर्गत ग्राम पंचायत बरहेली निवासी भूतपूर्व सरपंच ठाकुर राम दर्रो का बीती रात आकस्मिक निधन इलाज के दौरान रायपुर में हो गया वे कुछ दिनों से अस्वस्थ चल रहे थे। उनका अंतिम संस्कार गृह ग्राम बरहेली आमापारा किया गया, जिसमें ग्रामवासी व रिश्तेदार में शामिल हुए। वे ग्राम पंचायत बरहेली दुर्गुकोंदल के तीन बार के सरपंच रह चुके थे।

### देवलाल उइके



**दुर्गुकोंदल।** विकासखंड दुर्गुकोंदल अंतर्गत ग्राम आमागढ़ निवासी पूर्व माध्यमिक विद्यालय हानपतरी के प्रधान पाठक देवलाल उइके का इलाज के दौरान धमतरी में आकस्मिक निधन हो गया वे कुछ दिनों से अस्वस्थ चल रहे थे। उनका अंतिम संस्कार गृह ग्राम आमागढ में किया गया, जिसमें ग्रामवासी व रिश्तेदार उपस्थित रहे।

# एनएचएम कर्मचारियों का आंदोलन जारी, 10 सूत्रीय मांगों पर संघर्ष तेज करने की तैयारी

## अधिकारियों पर स्वास्थ्य मंत्री को गुमराह करने का आरोप लगाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के कर्मचारी अपनी 10 सूत्रीय मांगों को लेकर लगातार 11 वें दिन भी धरना स्थल पर डटे हुए हैं। आंदोलन को प्रभावी बनाने के लिए प्रतिदिन अलग-अलग रचनात्मक गतिविधियाँ आयोजित की जा रही हैं, आगे सरकार को जगाने के लिए उग्र आंदोलन की तैयारी की जा रही है, ताकि सरकार का ध्यान आकर्षित हो सके। कर्मचारियों का कहना है कि सरकार उनकी 10 में से 5 मांगें पूरी होने का दावा कर रही है, लेकिन अब तक कोई आधिकारिक आदेश जारी नहीं हुआ है। उन्होंने आरोप लगाया कि अधिकारियों ने स्वास्थ्य मंत्री को गुमराह किया और मंत्री ने बिना किसी आदेश के गलत बयान दिया। विडंबना यह है कि जब सत्तासीन सरकार विपक्ष में होती है तो वे स्वयं हमारी मंचों में आकर हमारे मांगों का समर्थन करती है। जरूरत पड़ने पर हमारे साथ जेल जाने तक को तैयार हो जाती है, लेकिन वही विपक्षी सरकार की सत्ता अपने हाथों में लेने के बाद हमे भूल रही है। वर्तमान स्थिति ऐसा है कि राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के कर्मचारियों की समस्याओं को बिना संज्ञान में लिए हमने जो कहा था वो किया का बीज बोएं जा रहे हैं जो कि सरकार का राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के कर्मचारियों के साथ सौतेला व्यवहार को प्रदर्शित करता है, इसलिए यह कर्मचारी सिर्फ आश्वासन से नहीं बल्कि उनके 10 सूत्रीय मांगों के संबंध में शासन द्वारा लिखित आदेश जारी होने तक आंदोलनरत रहने की बात राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन कर्मचारी संघ द्वारा बताई गई है।



### ड्यूटी के दबाव बना रहे

संघ ने इस धोखे के विरोध में आंदोलन को और उग्र करने का निर्णय लिया है। शासकीय अस्पतालों में वर्षों से सेवाएँ देने वाले इन कर्मचारियों की स्थिति देखकर आम जनता भी उनके प्रति सहानुभूति जता रही हैं। अस्पतालों में भीड़ बढ़ रही है, जबकि जीवन दीप समिति के कर्मचारियों पर ड्यूटी का दबाव डाला जा रहा है, जो बिना उचित प्रशिक्षण के केवल सहयोगी भूमिका निभाते हैं। कई अस्पतालों में बाहर सूचना बोर्ड लगाकर मरीजों को असुविधा के लिए खेद भी व्यक्त किया गया है। धरना प्रदर्शन में संघ के पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे।

## विकास : धारपारूम को हिल स्टेशन के रूप में विकसित किया जाएगा : कलेक्टर

# कांकेर का नया पर्यटन केंद्र धारपारूम का कलेक्टर व सीईओ ने लिया जायजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर





पीढ़ापाल ग्राम पंचायत के अंतर्गत आने वाला धारपारूम में पर्यटकों को जिस तरह से आना जाना बढ़ गया है, उससे यह हिल स्टेशन के रूप में विकसित होते हुए नजर आ रहा है। इसे हिल स्टेशन का रूप देने के लिए जायजा लेने के लिए कलेक्टर निलेश महादेव क्षीरसागर एवं जिला पंचापयत सीईओ हरेश मंडावी जिले के अधिकारियों के साथ धारपारूम पहुँचे और अवलोकन किया। उन्होने कहा कि यह आने वाले समय में पर्यटन के दृष्टिकोण से बहुत ही अच्छी जगह साबित होगी। जिला प्रशासन की पूरी टीम 28 अगस्त को कांकेर जिले के सबसे उभरते पर्यटन केंद्र धारपारूम का विजिट किया गया। धारपारूम कांकेर जिला मुख्यालय से 25 किमी. दूरी पर स्थित ग्राम पंचायत पीढ़ापाल के अंतर्गत एक हिल स्टेशन के रूप मे विकसित हो रहा है, जो चारो ओर से पहाड़ी से घिरा हुआ मनमोहक दृश्यों से सुज्जित एक खाई नुमा संरचना है, यहाँ व्यू पॉइंट के अलावा प्राकृतिक झरना और गुफा भी है। इस ईलाके में पुरातत्विक शैल चित्र भी अंकित है। सामुदायिक प्रबंधन के तहत उक्त स्थल का संचालन ग्रामीणों द्वारा किया जा रहा है और प्रतिदिन काफी सैलानी यहाँ आते है। इस स्थल पर जाने के लिए पीढ़ापाल की तरफ से जाने पर चार पहिया वाहन वालों को पैदल चलना पड़ेगा, पहाड़ तक गाड़ी का चढ़ पाना संभव नहीं है। दो पहिया वाहन भी आधी दूरी तक पहुँच पाते है। इस स्थल पर जाने के लिए दूसरा मार्ग मर्रापी से कलमुच्चे होते हुए जा सकते है या मर्दापोटी से उसेली होते हुए भी जाने के लिए रास्ता है। शहर से अंदरूनी ईलाके में होने के कारण अभी सैलानी के रूप में स्थानीय लोग ही जा रहे है। विकसित और सही रास्ता की जानकारी हो जाने पर जिले से बाहर के सैलानियों के आने की संभावना बढ़ सकती है।



### टाटामारी से बड़ा हिल स्टेशन

कलेक्टर निलेश क्षीरसागर ने धारपारूम का अवलोकन करने के उपरांत कहा कि इस केंद्र को विकसित करने के लिए जो भी प्रशासनिक सहयोग की आवश्कता होगी, उसको प्रदाय करने निर्देशित किया गया है। पर्यटकों का यह कहना है कि धामपारूम हिल स्टेशन केशकाल के टाटामारी से भी बड़ा हिल स्टेशन है।

# सीजीपीएससी, व्यापमं, रेलवे, बैंक और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए नया बेच सितंबर से

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर



जिला प्रशासन द्वारा प्रारंभ किए गए मावा मोदोल निःशुल्क कोचिंग संस्थान चयन परीक्षा 17 अगस्त को आयोजित किया गया था, जिसमें मेरिट आधार पर उत्तीर्ण हुए छात्र-छात्राओं की काउंसलिंग 30 एवं 31 अगस्त को मावा मोदोल केन्द्र कचहरी प्रांगण में सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक आयोजित किया गया है। नक्सल प्रभावित क्षेत्रों के आदिवासी व अन्य संवर्ग के छात्र-छात्राओं के जीवन स्तर को सुधारने एवं शासकीय नौकरी के लिए इच्छुक विद्यार्थीयों के लिए प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी के लिए निःशुल्क कोचिंग जिला मुख्यालय कांकेर में प्रारंभ किया गया है, जिसमें छात्र-छात्राओं की स्क्रीनिंग टेस्ट एवं मेरिटस बच्चों का काउंसलिंग के माध्यम से चयन किया जाएगा। स्क्रीनिंग टेस्ट में जिले से कुल 1 हजार 474 छात्र सम्मिलित हुए है। परीक्षा के लिए विषय विषेशज्ञों के द्वारा 120 प्रशन प्रत्येक प्रशन 2 अंक के आधार पर पशन पत्र तैयार किया गया था। परीक्षा पूर्णांक 240 अंक स्क्रीनिंग टेस्ट व 10 नम्बर कॉउंसलिंग के लिए रखा गया है। इस परीक्षा में सीजीपीएससी, व्यापम, रेल्वे, बैंक व अन्य प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी विषय विषेशज्ञों द्वारा कराई जाएगी। नया बैच 1 सितम्बर से प्रारंभ किया जाएगा। वर्तमान में मावा मोदोल में 300 अतिरिक्त सीट की वृद्वि की जा रही है। सभी तैयारी पूर्ण की जा चुकी है। सीजीपीएससी एवं व्यापम परीक्षा की तैयारी के लिए अलग से नवीन बैच प्रारंभ किया जाएगा। छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग 2022 एवं 2023 बैच के प्रशिक्षु कलेक्टर का दल कांकेर जिले के प्रवास पर रहे। डिप्टी कलेक्टरों के दल ने मावा मोदोल निःशुल्क कोचिंग संस्थान कांकेर का भ्रमण किया और छात्र-छात्राओं को मार्गदर्शन दिया। प्रशिक्षु डिप्टी कलेक्टरों में प्रमुख रूप से शिक्षा शर्मा, भावना साहु, शुभांगी गुप्ता, देवाशीष कुर्रे, अभिशेक तंबोली, सारिका मित्तल, लोकांश एल्मा, सुमित धुरव, शुभमदेव गुप्ता, रश्मि पोयाम ने अपना अपना अनुभव साझा करते हुए छात्रों को मोटिवेट किया गया।

# छोटेबोदेली का सचिव नशे में मस्त सरपंच और जनता की हालत त्रस्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर/दुर्गुकोंदल



विकासखंड कोयलीबेड़ा के ग्राम पंचायत छोटेबोदेली सचिव के रवैए से सरपंच, उपसरपंच व वार्डपंच सहित पंचायत क्षेत्र के आम नागरिक भी परेशान हैं। ग्राम पंचायत छोटेबोदेली के सरपंच केदूराम पोटाई ने कहा कि हमारे पंचायत का सचिव शराबी है। मेरे प्रभार लेने के बाद एक दिन भी पंचायत और आश्रित गांवों नहीं आया है। सचिव ग्राम चारगांव रहता है व हस्ताक्षर कराने सहित मुझे और ग्रामीणों को नदी पारकर ग्राम चारगांव जाना पड़ता है, वहां भी हमेशा शराब के नशे में रहता है।

छोटेबोदेली सचिव के रवैए से परेशान सरपंच ने कहा कि 15 अगस्त को झंडा फहराने भी नहीं आया एवं मेरा फर्जी हस्ताक्षर करते पकड़ा हूं और ग्रामीण जन्म मृत्यु प्रमाण पत्र भी बनाने लोग भटकते हैं। प्रधानमंत्री आवास की जीओ टेकिंग के लिए भी नहीं आया है। पंचायत विकास के लिए प्रस्ताव बनाने, 15वें वित्त योजना से विकास कार्य कराने के लिए ध्यान नहीं देता है। जनपद से कोई भी जानकारी मांगने पर मनगढ़त दूसरे पंचायत क्षेत्र में बैठकर बनाकर भेज देता है। सचिव लापरवाह है, इसके रहने से ग्राम पंचायत छोटेबोदेली क्षेत्र के गांवों का विकास और आम नागरिकों का भला नहीं होगा, इसे हटाना जरूरी है। शिकायत जनपद पंचायत सीईओ कोयलीबेड़ा के समक्ष 3 बार और 1 बार जनदर्शन में लिखित शिकायत किया हूं, लेकिन अभी तक कार्यवाही नहीं हो पाई है। इस कारण मैं सरपंच और आम नागरिक भी त्रस्त हैं। छः महीने हो गया है, मेरे पंचायत क्षेत्र में कोई भी विकास कार्य नहीं हो रही है। केंद्र सरकार के महत्वाकांक्षी योजना प्रधानमंत्री आवास योजना भी ठप पड़ी हुई है। मैंने विधायक विक्रम उसेंडी और सांसद भोजराज नाग से भी शिकायत कर सचिव को हटाने के लिए सहयोग मांगा, लेकिन सांसद व विधायक का भी सहयोग नहीं मिला। जनपद के सीईओ, जिला सीईओ और कलेक्टर से मांग किया है, तत्काल सचिव को हटाकर दूसरे सचिव भेजा जाए। इस संबंध में जनपद पंचायत कोयलीबेड़ा के सीईओ उदय नाग ने कहा कि सचिव को हटाने के संबंध जिला पंचायत सीईओ को प्रस्ताव भेजा हूं। जिला सीईओ ही सचिव के खिलाफ कार्रवाई कर सकते हैं।



### हाटकोंदल के बरगांव में की भगवान गणेश की स्थापना

**दुर्गुकोंदल।** गणेश चतुर्थी के अवसर पर बुधवार को गणेश मूर्ति की स्थापना हाटकोंदल के बरगांव में किया गया। यह परंपरा गांव से चली आ रही है स्थापना में ग्रामवासियों ने सक्रिय भूमिका निभाई। आयोजन में पूरा गांव एकजुट होकर भाग ले रहा है। भगवान गणेश स्थापना के साथ ग्रामवासियों ने सामूहिक रूप से पूजा-अर्चना की। भगवान गणेश से समाज में शांति, समृद्धि और सकारात्मकता की कामना की गई। गांव में सार्वजनिक गणेश स्थापना से सामुदायिक एकता का संदेश भी मजबूत हुआ है। पूजा के बाद भगवान गणेश की आरती और भजन का आयोजन हुआ, जिसमें सभी श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। उपस्थित लोगों ने मिलकर भगवान गणेश की स्तुति की और सुख-शांति की कामना की। भगवान गणेश की मूर्ति स्थापना का यह कार्यक्रम एक महत्वपूर्ण धार्मिक आयोजन माना जाता है। श्रद्धालुओं का विश्वास है कि भगवान गणेश की कृपा से जीवन में सफलता, सुख और शांति प्राप्त होती है। इस अवसर पर भूषण रावठे, गिरधारी रावठे, रवि रावठे, जितेंद्र, चुमन, पिंटू, मुकेश मंडावी, सरोज मंडावी, शेखर पांडे, दिनेश रावठे, राजू रावठे, भुवनेश्वर, नरोत्तम आदि ग्रामवासी उपस्थित रहे।

# दुर्गूकोंदल में संकुल समन्वयकों को दिया गया बहुभाषी शिक्षण प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गुकोंदल



विकासखंड दुर्गुकोंदल में समस्त संकुल समन्वयकों के लिए एक दिवसीय खंड स्तरीय बहुभाषी शिक्षण प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। इस प्रशिक्षण का कुशल नेतृत्व एवं निर्देशन डाइट के प्राचार्य आनंद कुमार गुप्ता ने किया तथा जिला नोडल बहुभाषी शिक्षा प्रशिक्षण शशि सिंह और खंड स्त्रोत समन्वयक लतीप सोम के मार्गदर्शन में प्रशिक्षकों डॉ. धनाजू नरेटी, सोमसिंह नरेटी और मुकेश उसेंडी के द्वारा प्रशिक्षण प्रदान किया गया। इस प्रशिक्षण का उद्देश्य शिक्षकों को बहुभाषी शिक्षा की अवधारणा से परिचित कराना और स्थानीय भाषाओं के उपयोग के माध्यम से शिक्षण की गुणवत्ता को बढ़ाना था।

जिला नोडल शशि सिंह ने बहुभाषी शिक्षा एमएलई की परिभाषा और महत्व को विस्तार से समझाया। उन्होंने इस बताया कि बहुभाषी शिक्षा औपचारिक और अनौपचारिक शिक्षण परिवेश में एक या अधिक भाषाओं का उपयोग करती है। इसका मुख्य उद्देश्य भाषाई विविधता को बढ़ावा देना, अंतर-सांस्कृतिक संवाद को प्रोत्साहित करना, सामाजिक समावेशन को सुनिश्चित करना और सभी शिक्षार्थियों के लिए गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के अवसर प्रदान करना है। स्थानीय भाषाओं जैसे गोंडी और छत्तीसगढ़ी को शिक्षण में प्राथमिकता देना आवश्यक है।

इससे बच्चे तनावमुक्त वातावरण में शिक्षा ग्रहण कर सकते हैं, जिससे न केवल उनका शैक्षिक विकास होगा, बल्कि वे अपनी सांस्कृतिक और भाषाई विरासत को भी संरक्षित कर सकेंगे। प्रशिक्षक ने भाषा की परिभाषा और शिक्षण के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला। उन्होंने भाषा को अभिव्यक्ति और संचार का सशक्त माध्यम बताते हुए इसके शैक्षिक महत्व को रेखांकित किया। खंड शिक्षा अधिकारी एसपी कोसरे और सहायक खंड शिक्षा अधिकारी अंजनी मंडावी ने बहुभाषी शिक्षा के महत्व को रेखांकित करते हुए इसे एक प्रभावी रणनीति बताया। उन्होंने कहा कि यह न केवल भाषाई विविधता और सामाजिक समावेशन को बढ़ावा देता है, बल्कि शिक्षार्थियों और शिक्षकों के लिए संज्ञानात्मक और सामाजिक-सांस्कृतिक लाभ भी प्रदान करता है। प्रशिक्षण में सुखदेव कोड़ोपी, राजकुमार चंद्राकर, बृजभूषण आर्य, धन्नूराम पदमाकर, देवप्रसाद प्रधान, गोवर्धन मंडावी, तुलसी केमरो, अस्सीराम कोरेटी सहित विकासखंड के सभी संकुल समन्वयक उपस्थित रहे।

### आकाशीय बिजली की चपेट में आने से महिला हुई गंभीर



**पखांजुर।** पखांजुर तहसील अंर्तगत पीव्ही 129 गोविंदपुर निवासी 48 वर्षीय हरिदासी गोलदार पति खोकन गोलदार आकाशीय बिजली की चपेट में आने से गंभीर रूप से घायल हो गईं। घटना के बाद उन्हें तत्काल स्थानीय अस्पताल ले जाया गया, लेकिन उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए डॉक्टरों ने उन्हें बेहतर इलाज के लिए बाहर रेफर कर दिया है। जानकारी के अनुसार खेत में काम करने के दौरान अचानक मौसम खराब हो गया और जोरदार बिजली कड़की। इसी दौरान वह आकाशीय बिजली की चपेट में आ गईं और बेहोश होकर गिर गईं। स्थानीय लोगों की मदद से उन्हें तुरंत अस्पताल पहुंचाया गया।

# सत्यानंदपल्ली सड़क को अतिक्रमण मुक्त किया एवं यातायात हुआ सुगम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पखांजुर



नगर पंचायत पखांजूर के सत्यानंदपल्ली इलाके में प्रशासन ने एक बड़ी कार्रवाई को अंजाम देते हुए सालों से अतिक्रमित सड़क को खाली करा लिया है। अतिक्रमण पर इस कार्यवाही के बाद नगर में हडकंप मच गया। जानकारी के अनुसार सड़क पर अतिक्रमण खोकन तालुकदार नामक व्यक्ति ने किया था, जिसकी वजह से सड़क का एक बड़ा हिस्सा बाधित हो रहा था और स्थानीय लोगों को आवाजाही में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। इसकी शिकायत लगातार होने के बाद भी कार्यवाही देरी से हुई, परंतु सड़क को खाली करवा लिया गया। अतिक्रमण हटाने की इस कार्रवाई के दौरान, राजस्व पुलिस और नगर पंचायत के अधिकारी मौके पर मौजूद रहे। प्रशासन ने जेसीबी मशीनों की मदद से अवैध निर्माण को ध्वस्त किया और सड़क को पूरी तरह से अतिक्रमण-मुक्त कराया। इस कार्रवाई के बाद सड़क पर यातायात एक बार फिर सामान्य हो गया है। प्रशासन के इस सख्त कदम से यह साफ हो गया है कि सरकारी जमीन और सार्वजनिक रास्तों पर किसी भी तरह का अवैध कब्जा बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। अतिक्रमण की कार्यवाही में शामिल अधिकारियों ने बताया कि भविष्य में भी इस तरह के अतिक्रमण के खिलाफ शिकायत मिलने या संज्ञान में आने पर लगातार अभियान चलाकर कार्यवाही किया जाएगा। स्थानीय निवासियों ने प्रशासन की इस कार्रवाई की सराहना किया है।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, वेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मरसा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

आइब्रो, मूंछ दाड़ी के बालों का प्रत्यारोपण
कालड़ा प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी एवं बर्न सेंटर
आर.के.सी. के सामने, जी.ई. रोड, चौबे कालोनी एवं गंगा डायग्नोस्टिक्स के उपर, कलर्स माल के पास, पचपेढ़ी नाका, रायपुर (छ.ग.)
9827143060
Ajay Advt.

online Booking:-www.tripuryatra.com
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 14,500/-
9 रात व 10 दिन
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री, श्री यमुनोत्री
श्री त्रियुगीनारायण-(भगवान शिव व माता पार्वती का विवाह स्थल)
श्री तुंगनाथ महादेव- (विश्व का सर्वोच्च शिव मंदिर-चंद्रशिला चोटी के पास)
6 सितंबर, 17 सितंबर, 29 सितंबर, 5 अक्टूबर 2025, 4 मई 2026
अन्य दर्शन- काशीविश्वनाथ, पंच प्रयाग दर्शन, (विष्णुप्रयाग, नंदप्रयाग, कर्णप्रयाग, रुद्रप्रयाग, देवप्रयाग) माना गांव-भारत का अंतिम गांव, धारी देवी, चोपता
राशिः- स्टैंडर्ड पैकेज 14,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411